भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2073

जिसका उत्तर शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026/9 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

सहकारी उर्वरक वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करना

2073. श्री दुष्यंत सिंह:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छोटे और सीमांत किसानों को यूरिया की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) के माध्यम से सहकारी उर्वरक वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने में क्या प्रगति हुई है;

(ख) क्या सरकार द्वारा कृषि मांग के अनुरूप राजस्थान में 'इफको' और 'कृभको' द्वारा आपूर्ति रुझानों के संबंध में कोई समीक्षा की गई है और यदि हां, तो झालावाड़-बारां जिले सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) राजसहायता प्राप्त उर्वरकों की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग, पूर्वानुमान और अंतिम छोर तक आपूर्ति के लिए एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) उर्वरकों के कुशल और संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सहकारी आउटरीच, डिजिटल परामर्श सेवाओं और किसान जागरूकता में सुधार हेतु क्या उपाय प्रस्तावित हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): सहकारी उर्वरक वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने तथा किसानों को यूरिया सहित सभी उर्वरकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, 28.07.2026 की स्थिति के अनुसार, देशभर में 1,54,562 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) विकसित किए गए हैं। इनमें से 33,403 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को उन्नत कर प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) के रूप में विकसित किया गया है, जिससे अंतिम छोर तक उर्वरकों के वितरण तंत्र को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की उर्वरकों तक पहुँच में सुधार करने में सहायता मिली है। इसके अतिरिक्त, जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के माध्यम से प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के लिए नकद ऋण सीमा (सीसीएल) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

उर्वरकों की समय पर उपलब्धता के संबंध में देश में प्रत्येक मौसम में सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

i. प्रत्येक फसल मौसम का प्रारंभ होने से पहले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएण्डएफडब्ल्यू), सभी राज्य सरकारों के परामर्श से उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है।

ii. (डीएएण्डएफडब्ल्यू) द्वारा अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करके राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

iii. देश भर में सब्सिडी प्राप्त सभी प्रमुख उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है।

iv. राज्य सरकारों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे समय पर मांगपत्र जारी करके आपूर्तियों को सुव्यवस्थित करने के लिए विनिर्माताओं और आयातकों के साथ समन्वय स्थापित करें।

v. रेल मंत्रालय के साथ नियमित समन्वय बैठकें होती हैं ताकि रेल मंत्रालय राज्यों को पर्याप्त रैक दे, उर्वरकों को प्राथमिकता दे और रैकों की समय पर निकासी करवाए।

vi. राज्य के भीतर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

(ख): जी हाँ। भारत सरकार द्वारा इफको (IFFCO) एवं कृभको (KRIBHCO) की आपूर्तियों सहित उर्वरकों का माह-वार, मौसम-वार तथा कंपनी-वार आवंटन मौसमी आवश्यकता के आकलन के आधार पर किया जाता है। इन आवंटनों के आधार पर राजस्थान कृषि विभाग द्वारा इफको (IFFCO), कृभको (KRIBHCO) तथा अन्य उर्वरक कंपनियों के साथ प्रत्येक पखवाड़े में समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। इन बैठकों में उर्वरकों की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा, उपलब्धता की निगरानी, किसी भी प्रकार की कमी या अंतराल का निराकरण तथा मौसमी कृषि आवश्यकताओं के अनुरूप राज्यभर में उर्वरकों का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने पर विचार किया जाता है। जिला-वार एवं मौसम-वार उर्वरकों की मांग, आपूर्ति तथा इफको (IFFCO) एवं कृभको (KRIBHCO) द्वारा की गई आपूर्ति का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग): एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) में उर्वरक कंपनियों की एसएपी/ईआरपी प्रणालियों के साथ एकीकरण के माध्यम से उर्वरकों की संचलन एवं प्रेषण संबंधी विवरण संधारित किए जाते हैं तथा इनके माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति की निरंतर निगरानी की जाती है। उर्वरक विभाग द्वारा एक डैशबोर्ड भी विकसित किया गया है, जिसका उपयोग अधिकृत उपयोगकर्ताओं द्वारा किया जा सकता है। यह डैशबोर्ड विभिन्न हितधारकों, जैसे राज्य कृषि विभाग, जिला कलेक्टर तथा राज्य विपणन महासंघों को उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति की सुगम निगरानी की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। राज्य सरकारें भी आईएफएमएस तथा ई-उर्वरक डैशबोर्ड पोर्टलों के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की नियमित निगरानी करती हैं।

(घ): सहकारी तंत्र की पहुँच में सुधार करने, डिजिटल परामर्श सेवाओं एवं किसानों में जागरूकता को सुदृढ़ करने तथा उर्वरकों के दक्षतापूर्ण एवं संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) के माध्यम से संतुलित उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए डिजिटल परामर्श सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) की क्षमता का विकास किया जा रहा है, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं, कृषि संस्थानों के साथ अभिसरण (Convergence) को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित निर्णय सहायता प्रणालियों को व्यापक स्तर पर अपनाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा समेकित पोषक तत्त्व प्रबंधन (आईएनएम) को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि रासायनिक उर्वरकों, जैविक खादों एवं जैविक आदानों का संतुलित एवं दक्षतापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए पोषक तत्त्वों का सतत प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य में सुधार तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि की जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अनेक पहलें कार्यान्वित की जा रही हैं, जिनमें **मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता स्कीम** के अंतर्गत 26.07 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें फसल-विशिष्ट उर्वरक अनुशंसाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, पर **प्रतिबूंद अधिक फसल** (पीडीएमसी) स्कीम के अंतर्गत लगभग 110 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई के दायरे में लाया गया है, वर्षा बहुल क्षेत्र विकास (आरएडी) कार्यक्रम के अंतर्गत 9.32 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को समेकित कृषि प्रणाली के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिससे 15.28 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। **हर मेड़ पर पेड़** पहल के अंतर्गत कृषि वानिकी को बढ़ावा देते हुए 1,725 नर्सरियाँ स्थापित की गई हैं तथा 1,594.48 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत 20.93 लाख किसानों का पंजीकरण किया गया है तथा 10.32 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को इसके अंतर्गत शामिल किया गया है। **परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)** के माध्यम से 18.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती के अंतर्गत लाया गया है, जिससे 33.94 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। **पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु जैविक मूल्य शृंखला विकास मिशन (एमओवीसीडीएनर)** के अंतर्गत 2.36 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किया गया है तथा 2.70 लाख किसानों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, सरकार नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान, प्रदर्शन, ड्रोन आधारित छिड़काव, बैटरी चालित स्प्रेयरों के उपयोग तथा प्रशिक्षित ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के माध्यम से उर्वरकों के दक्षतापूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे पोषक तत्त्व उपयोग दक्षता में वृद्धि हो तथा पोषक तत्त्वों की हानि में कमी लाई जा सके।

राज्य स्तर पर, राजस्थान सरकार प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) तथा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) के माध्यम से उर्वरकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए सहकारी उर्वरक वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ कर रही है।

उर्वरकों के कुशल प्रबंधन और संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा निम्नलिखित अभियान चलाए गए हैं:

i. "धरती माता बचाओ" अभियान के अंतर्गत गठित निगरानी समितियों द्वारा 11,677 अभियान संचालित किए गए, जिनमें 2,56,894 किसानों ने भाग लिया।

ii. "आपणो खेत, आपणो खाद" अभियान के अंतर्गत हरी खाद, जैविक खाद, जैव-उर्वरकों तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु 14,332 अभियान संचालित किए गए, जिनमें 4,67,812 किसानों ने भाग लिया।

iii. "खेत बचाओ अभियान" के अंतर्गत हरी खाद, जैविक खाद, जैव-उर्वरकों तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने हेतु 10,529 अभियान संचालित किए गए, जिनमें 29,931 किसानों ने भाग लिया।

iv. कृषि प्रसार क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, हरी खाद, जैविक खाद तथा जैव-उर्वरकों के उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित रूप से किसान गोष्ठियाँ, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं।

*****

अनुलग्नक

यह अनुलग्नक लोक सभा के दिनांक 31.07.2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2073 (ख) के उत्तर से संबंधित है।

यूरिया (मात्रा मीट्रिक टन में)																	
क्रम.सं	जिला	राजस्थान राज्य की मांग				राजस्थान राज्य की आपूर्ति				कृभको सप्लाई				इफको सप्लाई			
		खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 26	कुल	खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 2026	कुल	खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 26	कुल	खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 2026	कुल
1	अजमेर	16200	25800	10000	52000	18437	29993	10156	58586	1053	0	2474	3527	5834	12123	3294	21251
2	अलवर	35500	72000	30300	137800	60427	77991	35952	174370	5181	1234	1168	7583	9287	18301	8399	35987
3	बांसवाड़ा	35300	46700	24100	106100	42034	61092	33654	136779	0	0	361	361	7119	10489	4492	22100
4	बारां	64200	77200	38000	179400	71439	103235	37962	212636	324	342	718	1384	10872	18007	5572	34451
5	बाड़मेर	20200	28000	13500	61700	21878	30295	11068	63240	1314	1330	1305	3949	5051	8909	2204	16164
6	भरतपुर	27100	63000	21500	111600	50272	76106	35606	161984	89	41	41	170	11426	19571	7557	38554
7	भीलवाड़ा	42000	41500	29000	112500	33143	53043	20604	106790	398	1501	3597	5495	12526	21585	7449	41560
8	बीकानेर	61700	67300	41000	170000	37701	80530	25554	143785	3887	63	7388	11338	9274	21474	4933	35681
9	बूंदी	55000	68400	34500	157900	57642	75689	34938	168270	1982	954	3924	6860	12858	14750	7558	35166
10	चित्तौड़गढ़	56000	56200	37000	149200	52094	76111	36907	165112	1717	1166	4001	6884	10849	17598	5283	33730
11	चुरू	15500	22000	10000	47500	13671	30875	12569	57116	1647	395	2616	4658	2678	8979	3216	14873
12	दौसा	16700	35400	14500	66600	29630	41882	19866	91378	663	157	510	1329	3673	4671	1013	9357
13	धौलपुर	15400	28900	10500	54800	23847	30487	16603	70938	0	0	0	0	3944	4713	2028	10685
14	डूंगरपुर	6200	9900	4800	20900	3619	12190	4266	20075	0	0	114	114	680	1708	495	2883
15	गंगानगर	82200	125500	51200	258900	71453	150425	49432	271310	3338	1953	8999	14289	7774	28005	8424	44203
16	हनुमानगढ़	77000	96700	48700	222400	71703	120047	46666	238417	7208	281	2810	10300	12188	21804	7315	41307
17	जयपुर	34700	51000	24000	109700	37589	58483	23665	119737	4552	3609	3179	11340	10850	17945	6632	35427
18	जैसलमेर	12000	24100	8100	44200	11443	27000	8272	46715	214	108	1463	1784	1106	4730	1253	7089
19	जालौर	19900	33100	12100	65100	25438	33910	15505	74852	1336	1248	2420	5004	4638	7516	2269	14423
20	झालावाड़	54400	69200	29500	153100	54189	79410	32860	166459	163	180	918	1261	7257	13415	3021	23693
21	झुंझुनूं	16800	25400	11000	53200	14834	27273	11491	53599	162	0	213	375	2908	6307	1659	10874
22	जोधपुर	47400	53000	32000	132400	48885	55640	26104	130629	4021	1146	3010	8177	8286	14190	2570	25046
23	कौराली	18200	37800	13500	69500	33497	38538	21494	93528	0	0	0	0	4739	5894	2517	13150
24	कोटा	38200	74100	22500	134800	46279	82557	25419	154255	2810	1167	4232	8209	13749	15501	8267	37517
25	नागौर	35900	40600	21900	98400	33465	42177	16503	92146	2874	106	4728	7708	13612	16876	7183	37671
26	पाली	10200	21800	6900	38900	13603	21338	6100	41041	723	752	1378	2853	4790	7756	1377	13923
27	प्रतापगढ़	30000	33900	19000	82900	24965	36023	21372	82360	267	148	693	1108	3096	5792	1631	10519
28	राजसमंद	7400	10100	4900	22400	6006	13672	3872	23550	155	65	194	414	2241	5745	2400	10386
29	सवाई माधोपुर	19200	48500	11800	79500	36667	44999	19216	100882	0	0	0	0	5246	10346	1691	17283
30	सीकर	21800	27500	13700	63000	23188	35295	14271	72754	838	70	711	1619	5859	6269	3834	15962
31	सिरोही	13900	18200	10000	42100	12506	18678	5253	36437	739	471	1179	2390	4708	6994	1494	13196
32	टोंक	27700	39100	18800	85600	34982	53272	18599	106853	95	176	1500	1772	4531	13068	2722	20321
33	उदयपुर	18100	28100	11700	57900	16443	40199	13899	70541	107	70	204	381	1935	6579	2822	11336
कुल		**1052000**	**1500000**	**690000**	**3242000**	**1132967**	**1758455**	**715698**	**3607119**	**47855**	**18733**	**66048**	**132636**	**225584**	**397610**	**132574**	**755768**

अनुलग्नक

डीएपी (मात्रा मीट्रिक टन में)																	
क्रम.सं	जिला	राजस्थान राज्य की मांग				राजस्थान राज्य की आपूर्ति				कृभको सप्लाई				इफको सप्लाई			
		खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 26	कुल	खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 2026	कुल	खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 26	कुल	खरीफ 2025	रबी 2025-26	खरीफ 2026	कुल
1	अजमेर	28500	6300	11700	46500	8503	7723	4931	21157	1069	532	891	2491	3073	4468	2809	10350
2	अलवर	25500	9100	16600	51200	28873	13568	13978	56419	3476	4024	1744	9244	6315	0	4423	10738
3	बांसवाड़ा	9000	7700	2900	19600	8936	6600	2470	18007	40	251	0	291	481	588	283	1352
4	बारां	42500	18500	15700	76700	30530	27865	10231	68626	960	1443	2191	4594	1563	1164	1720	4447
5	बाड़मेर	22800	5700	5200	33700	6694	5492	5105	17290	372	2249	1328	3950	2389	1303	2382	6074
6	भरतपुर	10600	11800	17100	39500	29799	11397	9393	50589	2186	0	2014	4199	4967	164	2405	7536
7	भीलवाड़ा	18700	7200	7500	33400	9458	4705	6424	20586	1223	2286	31	3540	2687	2860	3154	8701
8	बीकानेर	46500	19300	16100	81900	16867	24685	10189	51741	1246	3632	5108	9986	2583	4870	3317	10770
9	बूंदी	20500	12200	9800	42500	20698	11365	9337	41399	2850	4453	3682	10985	2093	1240	1400	4733
10	चितौड़गढ़	18800	9900	9800	38500	18040	10289	7378	35707	1166	2024	0	3190	2916	3839	1487	8242
11	चुरू	7900	5200	7300	20400	7133	8345	3839	19316	448	688	1411	2546	963	1416	1485	3864
12	दौसा	5200	6250	7300	18750	9516	4966	1784	16266	618	72	634	1324	414	1238	156	1808
13	धौलपुर	5800	6100	9700	21600	8638	4053	6039	18730	0	0	25	25	1219	0	300	1519
14	डूंगरपुर	710	1330	300	2340	404	974	145	1523	40	0	0	40	108	445	27	580
15	गंगानगर	22500	35600	23800	81900	35131	41354	11426	87911	1418	3032	2569	7018	5139	5785	3828	14752
16	हनुमानगढ़	24000	28000	20600	72600	28732	35113	8812	72657	1109	823	5558	7490	5596	2922	3812	12330
17	जयपुर	22500	10700	14400	47600	14954	16462	7108	38524	2177	1745	4156	8079	4635	4897	3370	12902
18	जैसलमेर	8200	8200	9400	25800	12288	6725	3634	22647	115	1014	1249	2377	1081	392	781	2254
19	जालौर	5200	6000	6600	17800	8630	4211	5240	18080	509	1217	1194	2920	1728	1721	1317	4766
20	झालावाड़	12700	11100	8600	32400	16336	9881	4124	30342	468	700	603	1771	1084	300	80	1464
21	झुंझुनूं	5300	5700	5300	16300	7142	4239	2097	13478	226	0	32	258	1145	1002	687	2834
22	जोधपुर	40000	21000	16900	77900	34920	19047	10128	64095	1257	2211	2134	5602	7342	3789	3948	15079
23	कौराली	4100	4900	7600	16600	8021	1395	979	10395	0	0	0	0	1700	0	107	1807
24	कोटा	13600	18300	15300	47200	26571	18040	12650	57261	4002	5587	5628	15218	2645	1636	2011	6292
25	नागौर	35500	14700	16500	66700	23143	17856	9551	50549	3117	862	3880	7860	11714	6972	6807	25493
26	पाली	9600	5450	6900	21950	7111	4371	3213	14695	386	940	889	2215	2444	2801	1619	6864
27	प्रतापगढ़	4600	5170	4500	14270	5137	3592	2220	10949	198	687	0	885	946	1357	165	2468
28	राजसमंद	2470	1650	2100	6220	1126	990	688	2804	0	101	0	101	445	364	737	1546
29	सवाई माधोपुर	6100	8900	8700	23700	14747	7777	3793	26317	216	0	210	426	3879	1117	182	5178
30	सीकर	11100	7700	6000	24800	11343	6204	2754	20300	402	60	292	753	2132	2138	1365	5635
31	सिरोही	3500	3100	4300	10900	1966	2144	1679	5789	240	658	425	1323	903	1202	648	2753
32	टोंक	9620	6500	11200	27320	17473	7735	6083	31291	1480	920	935	3335	2926	2228	1761	6915
33	उदयपुर	6400	3750	4300	14450	5260	7429	1260	13949	25	130	0	155	214	127	293	634
कुल		**510000**	**333000**	**330000**	**1173000**	**484119**	**356589**	**188682**	**1029389**	**33037**	**42339**	**48811**	**124187**	**89469**	**64345**	**58866**	**212680**